हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 18 अप्रैल 2024

06 पिछली बार से अधिक हो इस बार मतदान का प्रतिशतर...


09 पालकी पर विराजित होकर नगर भ्रमण पर...





### श्रीराम नवमी तिथि पर समस्त मंदिरों में हुई भगवान राम की पूजा-अर्चना

## हर्षोल्लास के साथ निकली प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा, राम भक्त हुए शामिल

**रामनवमी तिथि पर समूचे नर्मदांचल में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। इस अवसर पर जगह जगह भगवान राम की पूजा अर्चना के पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली गई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





रामनवमीं पर बुधवार को नर्मदांचल में प्रभु श्रीरामलला श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही राम मंदिरों भगवान के दर्शन करने राम भक्त पहुंचे। वहीं दोपहर 12 बजे सेठानी घाट स्थित प्राचीन श्रीरामजानकी मंदिर, जगदीशपुरा स्थित रामजानकी मंदिर समेत सभी राम मंदिरों में रामलला का प्रकृटोत्सव मनाया गया। भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण समेत रामदरबार का श्रृंगार किया गया है। श्रीराम जन्म उत्सव समिति के माध्यम से श्रीरामलला की झांकी के साथ शोभायात्रा सेठानीघाट से निकाली गई। शोभायात्रा सेठानीघाट पर चल रहे रामायण पाठ स्थल से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए सेठानीघाट पहुंची। शोभायात्रा में श्रीरामलला की प्रतिमा विराजमान हुए। रामभक्तों ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सेठानीघाट स्थित श्रीराम मंदिर, जगदीशपुरा स्थित श्रीराम जानकी मंदिर, कोरीघाट स्थित श्रीराम मंदिर कनक मंदिर, श्रीराम मंदिर अमर चौक, श्रीराम मंदिर विवेकानंद मंदिर सहित अन्य मंदिरों में रामजन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शोभायात्रा में विश्व हिन्दू परिषद,बजरंग दल सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिसमें डॉ अतुल सेठा, नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष प्रमोद सोनी, दिनेश तिवारी, राजेश अत्रे, अजय सैनी, लखन दुबे, अखिल दुबे, रामनरेश त्रिपाठी सहित संकीर्तन मंडल के सदस्य मौजूद रहे। उपस्थित सदस्यों ने शोभायात्रा में श्रीराम के जयघोष लगाकर एक स्वर में हरे राम हरे कृष्णा का संकीर्तन कर अपने ईष्ट श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया।

## विद्युत विभाग की लापरवाही: 33 केबी का करंट लगने से आदिवासी युवक की मौत

### 8-10 फीट की ऊंचाई पर फैले तारों के जाल दे रहे मौत को न्यौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



शोभापुर के करीबी ग्राम सौंसारखेड़ा के निवासी विवेक ठाकुर पिता बद्री प्रसाद ठाकुर(आदिवासी) उम्र 25 वर्ष बीती रात करीब 10 बजे अपने मलिक के खेत में पानी देने पहुंचा था जहां विद्युत विभाग की लाइन 33 केबी जमीन से बहुत ही करीब थी का करंट लगने से युवक की जान चली गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक विवेक पाइप बदल रहा था जिसे 33 केबी का करंट लगा और उसने वहीं तत्काल दम तोड दिया। विवेक के पिता की चीख पर मौके पर पहुंचे लोगो ने किसी प्रकार मृतक विवेक को परिवार की तसल्ली के लिए सोहागपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया बता दे कि विद्युत विभाग ने जो 33 केबी की लाइन खेतों में बिछी है वह जमीन से काफी करीब है कई जगह से लाइन 8-10 फीट ही ऊपर है जिससे ऐसे कई खतरे भविष्य में भी हो सकते हैं और बीते दिनों भी हुए हैं से सबक ना लेते हुए विद्युत विभाग किसानों की जान से खिलवाड़ करते हुए ऐसी लापरवाहियों की अनदेखी करता आ रहा है। अकोला के कृषक ने भी इस बाबत कई महीने पहले इस तरह की शिकायते की है लेकिन उनकी शिकायत को नजर अंदाज किया गया है। ईश्वर के शुक्र गुजार है कि अकोला में कोई घटना घटित नही हुई है लेकिन सौसारखेड़ा के आदिवासी परिवार का चिराग बुझ गया जिसकी पूर्ति कोई नही कर सकता है। बता दे विद्युत विभाग मेंटेनेंस के नाम पर लाखों का बिल वसूलता है परंतु मेंटेनेंस नहीं हो पाता और परिणाम कुछ इस प्रकार से सामने आते हैं। क्या विद्युत विभाग के जवाबदार अधिकारियों के खिलाफ ऐसे मामलों में गैर इरादतन हत्या का मामला नहीं बनना चाहिए।

### प्रशिक्षण में अनुपस्थित लोक सेवकों के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई

**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आयोजित किए गए विभिन्न प्रशिक्षणो में बिना किसी सूचना एवं अवकाश के अनुपस्थित लोक सेवकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिकारी 1951 के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सहायक नोडल अधिकारी प्रबंधन प्रशिक्षण लोकसभा निर्वाचन नर्मदापुरम ने बताया कि सामान्य प्रथम प्रशिक्षण में कुल 7518 लोक सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें से 78 लोक सेवक अनुपस्थित पाए गए। इसी प्रकार द्वितीय प्रशिक्षण में कुल 6896 लोकसेवको को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें से 22 लोक सेवक अनुपस्थित पाए गए। इस तरह कुल 100 लोक सेवकों को कारण बताओं नोटिस सूचना पत्र जारी किए गए थे। जिन लोक सेवकों ने कारण बताओं नोटिस का जवाब समय सीमा में प्रस्तुत नहीं किया है साथ ही जिनके जवाब संतोष प्राप्त नहीं पाए गए हैं, ऐसे लोक सेवकों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है।

## रामजी बाबा समाधि स्थल पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक कार्य करने वाली संस्थाओं ने स्थानीय रामजी बाबा समाधि धर्मशाला मैं मतदाता जागरूक करने हेतु बैठक का अयोजित किया गया। वीणा पाणि संगीत एवं सामाजिक संस्था अध्यक्ष आनंद नामदेव ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक कर प्रत्येक ग्राम में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु विभिन्न संस्थाओं को इस बैठक में अमंत्रित किया गया।

यह ये संस्थाएं नर्मदापुरम अलग अलग ग्रामों में ग्राम विकास के कार्यों में सहयोग प्रदान करती हैं एवं बैठक में अपने अपने ग्राम विकास समितियों के सदस्यों द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने एवं मतदान करने का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपने अपने विचार प्रस्तुत किए।

संस्थायों में ग्राम रामपुरगुर्रा से संजय सराठे, इटारसी से विक्रम, ग्राम गुनोरा से संतोष गौर, कैसला से कन्हैया लाल सराठे, साहिल तिलोटिया, नर्मदापुरम से आनंद नामदेव, आलोक शर्मा, राजेश गौर, अरुण राणा, अशोक सोनी, अंजना स्वर्णकार, जगदीश यादव, त्रिलोक मनवारे, दीपक दुबे, राजेंद्र कुशवाहा, व्यंकट चिमानिया, दौलत राम यादव ब्लॉक समन्वयक विवेक मालवीय व बड़ी संख्या ग्राम विकास समितियों के सदस्य गण उपस्थित रहे, संचालन आनंद नामदेव एवं आभार विवेक मालवीय द्वारा किया गया।

## बुधवार को सीजन का सर्वाधिक तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस किया गया दर्ज

### सीजन में पहली बार नागरिकों को लू का अहसास हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



राजस्थान की ओर से चल रही गर्म हवाओं के चलते नर्मदांचल का तापमान भी परवान चढ़ने लगा है। बुधवार को सीजन का सर्वाधिक तापमान रिकार्ड किया गया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक पवन परिहार ने बताया कि बुधवार को नर्मदापुरम का सर्वाधिक तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जबकि मंगलवार को दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसी तरह बुधवार को नर्मदापुरम का दिन का तापमान 26.3 डिसे रहा। जबकि मंगलवार को 26.4 डिसे दिन का तापमान दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के परिहार ने बताया कि पिछले 8 दिनों में मौसम का मिजाज 38 डिसे के इर्द गिर्द रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक 7 अप्रेल को नर्मदापुरम में रात का तापमान 38.4 डिसी और दिन का तापमान 24.5 डिसे, 8 अप्रेल को दिन का तापमान 38.6 डिसे और रात का तापमान 23 डिसे, 9 अप्रेल को अधिकतम तापमान 39.4 डिसे और न्यूनतम तापमान 22.5 डिसे, 10 अप्रेल को दिन का तापमान 38.1 डिसे और रात का तापमान 23 डिसे, 11 अप्रेल को अधिकमत तापमान 33.8 डिसे और न्यूनतम तापमान 19.6 डिसे, 12 अप्रेल को अधिकतम तापमान 35 डिसे और न्यूनतम तापमान 23.8 डिसे, 13 अप्रेल को अधिकतम तापमान 36.3 डिसे और न्यूनतम तापमान 20.8 डिसे, 14 अप्रेल को अधिकतम तापमान 36.1 डिसे और न्यूनतम तापमान 22.2 डिसे, 15 अप्रेल को 38.7 डिसे और न्यूनतम तापमान 25.6 डिसे, 16 अप्रेल को अधिकतम तापमान 40 डिसे और न्यूनतम तापमान 26.4 डिसे दर्ज किया गया है। वहीं बुधवार को सीजन का सर्वाधिक तापमान 40.3 डिसे एवं न्यूनतम तापमान 26.3 डिसे रिकार्ड किया गया है।

## राम जन्मोत्सव के साथ मतदान करने की ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वार्ड नं. 12 नंद बिहार कॉलोनी में भगवान राम का जन्म दिन मनाया गया पूजन एवं आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान को इसके लिये प्रशासन लगा हुआ है एवं आये दिन विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। नंद बिहार कॉलोनी में सभी मतदाता अपने मत का उपयोग करें इसके लिये चर्चा की गई एवं सभी सदस्य परिवार में जितने मतदाता हैं सभी अपने मत का उपयोग करेंगे ऐसा निर्णय लिया गया। मंदिर प्रांगण में सभी उपस्थित कॉलोनीवासियों ने मतदाता शपथ भी ली जिसमें 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने की शपथ ली। कार्यक्रम में कपिल मीना, राजकुमारी मीना, सतीश सोनी, हरगोविंद शुक्ला, आयुष शुक्ला, रामकुमार गौर, सुमित सिंह, मथुरा प्रसाद चौरे, रामनारायण गौर, विनोद दीक्षित, क्षमा केवट,रमा केवट, पूनम मेहरा सहित अन्य कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित लोक सेवकों के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आयोजित किए गए विभिन्न प्रशिक्षणो में बिना किसी सूचना एवं अवकाश के अनुपस्थित लोक सेवकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिकारी 1951 के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सहायक नोडल अधिकारी प्रबंधन प्रशिक्षण लोकसभा निर्वाचन नर्मदापुरम ने बताया कि सामान्य प्रथम प्रशिक्षण में कुल 7518 लोक सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें से 78 लोक सेवक अनुपस्थित पाए गए। इसी प्रकार द्वितीय प्रशिक्षण में कुल 6896 लोकसेवको को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें से 22 लोक सेवक अनुपस्थित पाए गए। इस तरह कुल 100 लोक सेवकों को कारण बताओं नोटिस सूचना पत्र जारी किए गए थे।

जिन लोक सेवकों ने कारण बताओं नोटिस का जवाब समय सीमा में प्रस्तुत नहीं किया है साथ ही जिनके जवाब संतोष प्राप्त नहीं पाए गए हैं, ऐसे लोक सेवकों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है।

## चैकिंग के दौरान वाहन में रखे साढ़े तीन लाख रुपए के साथ वाहन चालक को पुलिस ने लिया हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम-बैतूल जिले की सीमा पर स्थित धार बैरियर पर स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) ने मंगलवार रात 11 बजे राजस्थान की कार से साढ़े तीन लाख रुपए जब्त किए। टीम ने गाड़ी चला रहे कुलदीप पिता कैलाशचंद बैरवा निवासी टोंक (राजस्थान) से रुपए के संबंध में पूछा। युवक ने कहा कि रायपुर में किसी ठेकेदार के पास सुपरवाइजर का काम करता है, रुपए उसने जोड़े हैं।

रायपुर से टोंक राजस्थान वो भाई की शादी के लिए रुपए ले जा रहा है। लेकिन, उसके पास न रुपए के संबंध में कोई दस्तावेज थे और न जिस कार से वो आया, वो उसकी थी। रायपुर से राजस्थान अकेला कार से जाने पर एसएसटी को संदेह हुआ। इसलिए टीम ने रुपए जब्त कर लिए। कार्यपालक मजिस्ट्रेट आदित्य स्वामी ने बताया रात 11.12 बजे सफेद रंग की गाड़ी क्रं. आरजे 26 सीए 8596 को जांच के लिए रोका। गाड़ी व बैग चेक किए।

जिसमें कपड़े में लिपटाकर रखे साढ़े तीन लाख रुपए मिले। ड्राइवर कुलदीप बैरवा रुपए का पूछने पर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। कार भी उसके नाम नहीं है। मौके पर जब्त कर विधिवत कार्रवाई की गई। आज रुपए का कोषालय में जमा कराया जाएगा। एसएसटी में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आदित्य स्वामी, आरक्षक धर्मेंद्र कुचबंदिया, विजय अखंडे, सचिव बलदेव कवडे, पटवारी शिवनारायण बारस्कर, कोटवार रामपाल पठारिया शामिल रहे।

### वायरलेस सेट संचालन का ड्राय रन 19 को

**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में शेडो एरिया संचार व्यवस्था अर्थात पुलिस वायरलैस के लिए अतिथि शिक्षकों को कार्यभार सौंपा गया है। अतिथि शिक्षकों द्वारा उक्त कार्य पूरी पारदर्शिता से किया जाए इस उद्देश्य से उन्हें प्रशिक्षण 19 अप्रैल को संबंधित शेडो एरिया मतदान केन्द्रो पर दिया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, स्त्रोत समन्वयकों सिवनीमालवा, पिपरिया सोहागपुर एवं नर्मदापुरम को निर्देशित किया है कि वे अतिथि शिक्षकों को नियत दिनांक को संबंधित शेडो एरिया मतदान केन्द्रों पर उनकी उपस्थिति कराया जाना सुनिश्चित करें।

"न जायते म्रियते वा कदाचि-नयं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो-न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।,,

**श्रद्धाजंली सभा**

स्व.श्रीमती शकुन्तला शर्मा



दि.18 अप्रैल 2024, गुरूवार
सांयकाल : 5 बजे से 7 बजे तक
निज निवास- लक्ष्मी विलास, जगदीशपुरा, नर्मदापुरम

**शोकाकुल परिवार**

कृपाशंकर शर्मा
भवानीशंकर शर्मा
गिरिजाशंकर शर्मा
डॉ सीतासरन शर्मा
एवं समसत शर्मा परिवार

मनीषशंकर शर्मा (पुत्र)
आशीष शर्मा (पुत्र)
पीयूष शर्मा, अरूण शर्मा
वैभव शर्मा (भतीजे)
यशस्वीशंकर, मनस्वीशंकर,
तेजस्वीशंकर (पौत्र)

### हवन शांति, जवारे विसर्जन और कन्या पूजन के साथ संपन्न हुई नौ दिन की कठिन उपासना

## चैत्र की नवरात्र की नवमीं तिथि पर नर्मदांचल में हुई मां भवानी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





समूचे नर्मदांचल में चैत्र नवरात्र का पर्व देवी भक्तों द्वारा हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। नौ दिनों तक मां भवानी के सभी नौ स्वरूपों की उपासना के बाद नवमीं तिथि पर देवी भक्तों ने कुल देवी की पूजन की। बुधवार को समस्त देवी प्रतिमा के पंडालों के समक्ष देवी भक्तों ने वैदिक विधि विधान से मां भवानी का हवन अभिषेक पूजन कर उपासना पर्व का विराम किया। वहीं नौ दिनों तक देवी पूजा का प्रारंभ से शहर के विभिन्न स्थानों जिसमें ग्वालटोली, बालागंज, भीलपुरा, कोरीघाट, मंगलवारा घाट, आदि क्षेत्रों में रहने वाले देवी भक्तों ने जवारे रखकर किया। इसके पश्चात बुधवार को सुबह से ही जवारों का पूजन कर मातृशक्ति ने शीश पर धारण कर जवारों का विसर्जन सेठानीघाट, पर्यटन घाट, स्वामी विवेकानंद घाट, हर्बल पार्क घाट, मंगलवारा घाट आदि घाटों पर पहुंचकर किया। इस दौरान सभी ने मनवांछित फलों की कामना की।

शहर के टेलीफोन एक्सचैंच तिराहे एवं सराफा चौक पर रखी मां दुर्गा की प्रतिका के सामने समिति के सदस्यों ने हवन शांति कर पूजन की। वहीं पंडालों के समक्ष कन्या पूजन एवं कन्या भोग का आयोजन भी किया। वहीं जगह जगह जस एवं भजन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी नवरात्र पर्व पर किया गया। जिसमें विभिन्न ग्रामीण अंचलों की मंडलियों ने शामिल होकर देवी भजन प्रस्तुत किए।

### हाउसिंगबोर्ड में कन्या भोज



हाउसिंग बोर्ड स्थित मां ललिता आश्रम में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर नौ अखंड ज्योत को स्थापित की गई। आश्रम के संस्थापक आचार्य पंडित अजय दुबे ने बताया कि प्रति वर्ष चैत्र की नवरात्रि में भगवती की कृपा प्राप्त करने के लिए 9 अखंड ज्योत के साथ ही जवारे की स्थापना की जाती है। वही प्रतिदिन 108 कन्याओं का पूजन कर कन्या भोजन कराया गया।

## खबर संक्षेप

### लोस निर्वाचन-2024 के लिए सार्वजनिक व सामान्य अवकाश घोषित

**सीहोर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए राज्य शासन ने संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन निगोशिएबल इन्सट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया है। तृतीय चरण में 7 मई एवं चतुर्थ चरण में 13 मई (सोमवार) को होने वाले निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए सामान्य अवकाश घोषित किया है।

### विदिशा और भोपाल से 4 अभ्यर्थियों ने भरे नाम निर्देशन-पत्र

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण के लिए नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 12 अप्रैल से जारी है। तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन-पत्र के दूसरे दिन सोमवार को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक क्रमांक-18 विदिशा में 1 अभ्यर्थियों द्वारा 1 नाम निर्देशन-पत्र, लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-19 भोपाल में 3 अभ्यर्थियों द्वारा 4 नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किये गये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया कि नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https://affidavit.eci.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि शुक्रवार, 19 अप्रैल है। इसके अगले दिन शनिवार, 20 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन-पत्र भर चुके प्रत्याशी सोमवार 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। तीसरे चरण के लिए मंगलवार, 7 मई को मतदान होगा। सभी चरणों के मतदान की मतगणना मंगलवार 4 जून को होगी।

### बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संचालित हो इसके लिए गत दिवस दण्ड प्रक्रिया के तहत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम-1985 के तहत पूरे जिले में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंधित आदेश 06 जून तक प्रभावशील रहेगा। इसके साथ ही मतदान के दिन, मतदान समाप्त होने के समय से 48 घण्टे पूर्व तक किसी भी स्थिति में प्रचार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### 39 पर पहुंचा अधिकतम तापमान, की संभावना नहीं

**सीहोर।** जिले में मंगलवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उल्लेखनीय है कि 5 दिनों तक वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव के कारण तापमान में कमी आई थी, वहीं अधिकतम तापमान में अब 1 डिग्री की बढ़ोतरी हो गई है। जानकारी के अनुसार बीते एक सप्ताह के दौरान सीहोर जिले में मौसम के दो रंग देखने को मिले हैं। 5 दिनों तक लगातार वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव रहा, जिसके कारण अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। लेकिन कल से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज होना शुरू हो गई है। कल जहां अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था, वहीं आज 1 डिग्री की बढ़ोतरी होकर 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज हो गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अभी तीन दिनों तक भीषण गर्मी का दौर रहेगा, उसके बाद मौसम में कुछ परिवर्तन होने की संभावना रहेगी। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि पूर्व अनुमान की जारी की गई एडवाइजरी के अनुसार आज और कल बारिश की संभावना नहीं है।

## निर्वाचन प्रक्रिया में राजनीतिक दलों की सहभागिता को करें सुनिश्चित

# पिछली बार से अधिक हो इस बार मतदान का प्रतिशत : राजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा कि मतदान के प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित करते समय यह ध्यान रखे कि पिछले चुनाव से मतदान लक्ष्य का प्रतिशत इस बार अधिक हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता की दृष्टि से नियमानुसार राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करें। श्री राजन मंगलवार को प्रदेश के जिला निर्वाचन अधिकारियों और स्वीप के नोडल अधिकारियों के साथ वर्चुअल चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के सभा कक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशीए स्वीप नोडल अधिकारी अक्षत जैनए सहायक कलेक्टर ऐश्वर्य वर्माए उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद और एडीएम राजीव नंदन श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन अधिकारियों को किया वर्चुअली संबोधित**



### मतदान के लिए करें प्रोत्साहित

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि अधिक से अधिक मतदान के लिए स्वीप के तहत विभिन्न प्रकार के नवाचार करें। कुछ जिलों ने आकर्षक पहल कर मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए प्रयास किया है। अन्य जिलों में भी ऐसे नवाचार का अनुसरण करना चाहिए। युवा मतदाता अपने अधिकारों का अधिक से अधिक उपयोग करें। हमारा प्रयास होना चाहिए कि शहरी क्षेत्र की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदान के लिए लोग स्वयं आगे आए। मतदान केंद्रों एवं मतगणना स्थल के छायाचित्र बहुत अच्छी क्वालिटी के हो। यूनिक और अच्छे फोटोग्राफ्स पोर्टल पर अपलोड करना चाहिए। अच्छे फोटोग्राफ्स मीडिया और संदर्भ के लिए ही उपयोगी होते हैं।

### वेब कास्टिंग की मॉनिटरिंग हो परफेक्ट

श्री राजन ने कहा कि वेब कास्टिंग की अच्छे से मॉनिटरिंग की जाए। एक डेडिकेटेड टीम हो। एक टीम एक स्क्रीन पर काम करें। टीम को कुछ आपत्तिजनक दिखता हो तो अपने आरओ अथवा प्रभारी अधिकारी के संज्ञान में लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाता परिचय पत्र का वितरण सुनिश्चित होए जिससे वह समय के पूर्व मतदाताओं को प्राप्त हो जाए। जिन जिलों में नामांकन की प्रक्रिया चल रही हो या होना हैए वहां पर सुनिश्चित कर ले कि नामांकन फॉर्म में किसी प्रकार की त्रुटियांए संशोधन हो तो पहले ही दुरूस्त करवा देंए जिससे नामांकन निरस्त होने की स्थिति नहीं बने। इसके साथ ही सेक्टर अधिकारियों की ट्रेनिंग भी एक बार पुनरू करवा ले।

### एफएसटीए एसएसटी

श्री राजन ने कहा कि एफएसटी और एसएसटी दलों की टीमें नाकों पर तैनात होगी। उन्हें और अधिक सक्रिय बनाया जाए। नाकों पर परिवहन एवं आवागमन पर निगरानी सख्त रखें। आप लोगों के घोषणा पत्र भी भरकर आयोग भिजवा दे। नाकों पर कैमरे आदि की गुणवत्ता भी समझ लें। आवश्यकता पडने पर सही परिणाम सामने आए।

## पुलिस कंट्रोल के सामने शनि मंदिर में चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



कहावत है कि चोरों का कोइ धर्म नहीं होता और यह बात सही साबित हुई। अज्ञात चोरों ने शनि मंदिर की दान पेटी को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की घटना मंदिर में लगे सीसीटी कैमरे में कैद हो गई। इस मंदिर में पहले भी कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी है।

खास बात यह है कि बैतूल पुलिस कंट्रोल रूम और एसपी ऑफिस के पास मंदिर होने के बावजूद भी चोरों ने आसानी से चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। इससे पता चलता है कि चोरों में पुलिस का कितना भय बना हुआ है। पुलिस कंट्रोल रूम के सामने एसपी ऑफिस के पास स्थित शनि मंदिर में मंगलवार की रात को अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर मंदिर में रखी दानपेटी चोरी कर ली। जब मंदिर समिति के सदस्य सुबह मंदिर पहुंचे तो उन्हें दानपेटी गायब दिखी। मंदिर के सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो एक व्यक्ति दानपेटी ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। चोरों द्वारा शनि मंदिर को बार.बार निशाना बनाया जा रहा है। इसके पहले भी 3 से 4 बजे चोरी की घटनाएं हो चुकी है।

पिछली बार हुई चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था। एक बार फिर चोरों ने मंदिरों को निशाना बनाया है। मंदिर समिति के सदस्यों के द्वारा बताया कि दान पेटी में चिल्लर दो से तीन हजार रूपए होने की संभावना है। कुछ दिन पहले ही दानपेटी से राशि निकाली गई थी।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई चोरी

मंदिर में हुई चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज के अनुसार मंगलवार रात लगभग 2 बजे एक अज्ञात चोर मंदिर में आया और वह दानपेटी को तोडने लगा। दानपेटी जंजीर से बंधी हुई थी। इस जंजीर को तोडकर दानपेटी सहित रूपए लेकर चला गया। चोर की तस्वीर सीसीटीवी कैमरें में साफ दिखाई दे रही है। मंदिर समिति के सदस्य चोरी की घटना की शिकायत गंज थाने में करेंगे। पुलिस सीसीटवी के आधार पर चोर की तलाश करेगी। मंदिर में सीसीटीवी लगे होने के बाद भी चोर आसानी से चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। पिछली चोरी की घटनाओं में शामिल चोरों का कोई पता भी नहीं लग पाया है। केवल एक बार पुलिस ने चोर को गिरफ्तार किया है।

## शहर में आयोजित हुई इंडिया महागठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

इंडिया महागठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार 17 अप्रैल को शहर के एक निजी होटल में आयोजित की गई। इस बैठक में इंडिया महागठबंधन समर्थित पार्टियों के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। इस महत्वपूर्ण बैठक में राजनीतिक रणनीतियों, राष्ट्रीय मुद्दों और आगामी लोकसभा चुनाव की योजनाओं पर चर्चा की गई। इसके अलावाए राज्य स्तरीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार विमर्श कर चुनाव जीतने की रणनीति पर विचार किया गया ।

बैठक में इंडिया महागठबंधन ने अपने सामर्थ्य को मजबूत करने और आगामी चुनावों में प्रभावी रूप से उतरने के लिए नए कदम उठाने का निर्णय लिया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कृष्णा मोदी ने कहा पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के दामो मे 2014 के बाद बेतहाशा वृध्दि हुई है। प्रदेश में सरकारी अस्पतालों को निजी हाथों में सौंपने की योजना बनाई जा चुकी है। सरकारी अस्पतालों में बड़ी संख्या में डॉक्टरोंए नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी की गई है। जिस सेना में युवाओं को सबसे अधिक रोजगार मिलता थाए उसे भी अग्निवीर के माध्यम से खत्म कर दिया गया है। आम आदमी पार्टी के अजय सोनी ने कहा कि कांग्रेस की कमलनाथ सरकार को गिराने का काम ज्योतिरादित्य सिंधिया के माध्यम से किया गया ।

## बीजासनी मंदिर में विशाल भंडारा संपन्न



**बैतूल।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बीजासनी मंदिर बैतूल गंज में चैत्र नवरात्र महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बुधवार को विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन मंदिर समिति द्वारा किया गया, जिसमें जिले भर से पहुंचे लगभग 7 हजार से अधिक लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। बीजासनी मंदिर का भंडारा अपने विशेष स्वाद के लिए पूरे जिले में प्रसिद्ध है। विधायक हेमंत खंडेलवाल अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ विशेष रूप से प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। मां बीजासनी को प्रसाद भेंट व चुनरी चढ़ाकर समस्त देवी देवताओं के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। तत्पश्चात अपने हाथों से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा विधायक को माता की चुनरी भेंट कर सम्मान किया गया।

## स्टील के ग्लास मुहिम का हुआ शुभारंभ

# अब भंडारों में नहीं उपयोग होंगे प्लास्टिक ग्लास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विवाहए भंडारों और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में सिंगल यूस प्लास्टिक ग्लास का उपयोग बड़ी तादाद में किया जा रहा है। जो पर्यावरण के साथ मानव स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। नालियां इनके कारण चोक होती है गौमाता पन्नियां खाकर मर रहीं हैं और विज्ञान ने भी यह प्रमाणित किया है कि सिंगल यूस प्लास्टिक मानव स्वास्थ्य के लिए घातक है। यहां तक के इससे कैंसर जैसी असाध्य बीमारियां हो सकती हैं। इसी उद्देश्य को लेकर ने जयनारायण सर्वोदय विद्यालय ष्धारोंदाष के संस्थापक स्वणअविनाश पाटनकर की पुण्यतिथि में और रामनवमी के उपलक्ष्य में विद्यालय समिति ने सिंगल यूस प्लास्टिक से निजात पाने का अनोखा उपाय ढूंढा है।

### प्लास्टिक के ग्लिास से मुक्ति पाने अनूठा अभियान

समिति की कुरूणा ताई देशमुख और हेमलता पाटनकर ने बताया कि बुधवार को दत्त मंदिर को स्टील के 300 और बीजासन माता मंदिर को 200 गिलास भेंट किए गए। इसके पीछे मंशा है कि स्टील के ग्लास का अनेकों बार उपयोग कर और उन्हें धोकर पुनरू उपयोग किया जा सकता है। जिससे सिंगल यूज प्लास्टिक के ग्लास से मुक्ति मिलेगी। सहयोगी संस्था 75 कदम के बबलु दुबे ने बताया कि समारोह और भंडारों में भोजन के पश्चात में सिंगल युज प्लास्टिक ग्लास कचरे में फेंक दिए जाते हैं। एक ग्लास डिस्पोज होने के लिए लगभग 400 वर्ष का समय लेता है।

### निरंतर चलेगा अभियान

समिति से जुड़े दीपक आम्बेकर ने बताया कि एक घर.एक गिलास अभियान प्रारंभ किया जाएगा। जिस वार्ड में मंदिर समितिए मस्जिदए चर्च कमेटीए गुरूद्वारा कमेटी है। या अन्य सामाजिक पर्यावरण समिति है वह अपने वार्ड के प्रत्येक घर से एक स्टील का गिलास समिति के दान का अनुरोध करेगा। इस प्रकार हम धरतीए नदी और मानव स्वास्थ्य की सेवा में अपना सकारात्मक योगदान धरती और नदी को पॉलिथीन प्लास्टिक मुक्त करते हुए कैंसर मुक्त बैतूल की परिकल्पना को साकार और मूर्त रूप दे सकते हैं। इस अवसर पर हेमंत देशपांडेए रमेश भाटियाए प्रभु लोहकरेए सुनील हिराणीए अर्चना आम्बेकरए प्रथा दुबेए डॉण्विजय अरोराए समीर आम्बेकरए शरद सप्तपुत्रेए श्रीरंग आम्बेकरए पारस भोपतेए परवेस कावरेए आरके सोनीए बाबा माकोड़े आदि मौजूद थे।

## सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की मौत, 25 दिन से था लापता

**बैतूल।** 25 दिन से लापता एक व्यक्ति की आज जिला अस्पताल में मौत हो गई। बताया जा रहा है की व्यक्ति करीब एक महीने से लापता था। 24 मार्च को भोपाल नेशनल हाइवे में हुए सडक हादसे में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। जानकारी के मुताबिक रास्ते से गुजर रहे एक राहगीर ने डायल 100 पर कॉल करके उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। लगभग एक महीने इलाज होने के बाद बीती रात को उसकी मौत हो गई। इसी बीच परिजनों को जानकारी मिली की व्यक्ति की जिला अस्पताल में मृत्यु हो गई है। पुलिस के मुताबिक व्यक्ति का नाम छोटेलाल पिता रतन लाल है। वह बैतूल के राजेंद्र वार्ड का रहने वाला था। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव का पीएम करवाकर परिजनों को सौप दिया है। बताया जा रहा है की छोटेलाल पिछले 24 मार्च को पाढर के पास आमा गोहन में अपने खेत गया था। वहां से लौटते समय वह किसी अज्ञात वाहन की टक्कर का शिकार हो गया था। परिजन उसकी गुमशुदगी की शिकायत लेकर कोतवाली थाने पहुंचे थे। जहां से उन्हे गंज थाना भेज दिया गया। जिसकी वजह से किसी भी थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज नहीं हो सकी। कल जब परिजन जिला अस्पताल पहुंचे तो उन्हें छोटे लाल मृत हालत में मिला।

## छात्राएं ग्रामों में पहुंचकर महिलाओं को कर रहीं जागरूक



**मुलताई।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मुलताई इकाई रत्र्क्षर स्टूडेंट फोर सेवा द्वारा ऋतुमति अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत अइश्ठ से जुड़ी विद्यालय की छात्राएं महिलाओं को मासिक धर्म में बरतने वाली सावधानियां एवं संक्रमण के संबंध जानकारियां प्रदान कर रही है और उन्हें सेनेटरी नैपकिंस उपलब्ध करा रही है।

विद्यार्थी परिषद की यह छात्राएं अब तक एक दर्जन से अधिक ग्रामों का दौरा कर चुकी है जिसमें छात्राएं गांव-गांव जाकर महिलाओं एवं स्कूल कॉलेज की लड़कियों को हर महीने आने वाली मासिक धर्म में गंदा कपड़ा ना इस्तेमाल करने एवं सेनेटरी नैपकिन इस्तेमाल करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। विद्यार्थी परिषद की छात्रों का यह दल ग्राम में जाकर अलग-अलग समूह में बटकर ग्राम की छात्रा एवं महिलाओं को सैनिटरी नैपकिंस वितरित वितरण करती है और उन्हें वूमेन हाइजीन एवं स्वास्थ्य संबंधी के बारे में जानकारी प्रदान कर रही है। इस अभियान का नेतृत्व मुख्य रूप से वंशिका संघवी, यशिका संघवी, दिव्या सोनी, भानु सोनी, पायल सोनारे करती है उनके साथ विद्यालय के अनेक छात्राएं शामिल है।

## चार महीने से बिना रेडियोलॉजिस्ट के चल रहा जिला अस्पताल

# निजी सोनोग्राफी सेंटरों पर गरीबों की हो रही जेब ढीली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का दावा करती हैए लेकिन हकीकत यह है कि स्वास्थ्य सेवाएं संसाधनों और डॉक्टरों की कमी से जूझ रही है। जिला चिकित्सालय बैतूल में पिछले चार महीनों से रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हुई है।

निजी सोनोग्राफी सेंटरों पर जाने वाले गरीबों की जेब ढीली होने लगी है। गरीबों को मजबूरीवश अधिक राशि देकर सोनोग्राफी करवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने कई गार स्वास्थ्य विभाग को डॉक्टर की मांग को लेकर पत्र लिखाए लेकिन डॉक्टर की नियुक्ति नहीं हो पाई।

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट डॉ ओपी यादव दिसम्बर में रिटायर हो गए। इनके रिटायर होने के बाद से अस्पताल में सोनोग्राफी का काम ठप पड़ा है। केवल इमरजेंसी में गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी हो रही है। अन्य लोग सोनोग्राफी के लिए परेशान हो रहे है। अस्पताल में निरूशुल्क सोनोग्राफी हो जाती हैए लेकिन यहां सोनोग्राफी करने वाले डॉक्टर ही नहीं है।

बताया जा रहा है कि अस्पताल प्रबंधन ने कई बार स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखा है और समस्या बताई कि अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर नहीं है, लेकिन अभी तक किसी नए डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हुई। सबसे ज्यादा गरीब परेशान रेडियोलॉजिस्ट के नहीं होने से सबसे ज्यादा परेशानी गरीब वर्ग के लोगों को हो रही है, जहां अस्पताल में निरूशुल्क सोनोग्राफी हो जाती है, वहां अब सोनोग्राफी के लिए 1 हजार रूपए तक देने पड़ रहे है। सोनोग्राफी के लिए निजी सेंटरों पर जाने से गरीबों की जेब ढीली होने लगी है। कोई दूसरा उपाय भी नहीं कि सोनोग्राफी हो सके। अस्पताल प्रबंधन के पास जब भी शिकायत जाती हैए प्रबंधन हमेशा ही हाथ खड़े कर देता है और सोनोग्राफी नहीं हो पाएंगी।

### बाइक और कार की भीषण टक्कर से तीन घायल, दो की हालत गंभीर

**बैतूल।** मुलताई.नागपुर हाईवे पर एक कार ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे की बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। तीनों को संजीवनी 108 से मुलताई के सरकारी अस्पताल भर्ती करवाया गया है।

टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक 20 फीट दूर जाकर गिरी। हादसे में दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें बैतूल रेफर किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बरखेड़ पिपरिया निवासी धनराज रामजी उम्र 50 साल अपनी पत्नी ममता धनराज 40 साल और मां जया बाई डोंरडिए 65 साल के साथ पिपरिया से एनस बाइक से रिश्तेदारी में जा रहे थे। तभी बैतूल की ओर से आ कार जो नागपुर जा रही थीए बाइक को टक्कर मार दी। कार चालक मौके पर कार छोडक़र भाग गया।

## मुलताई क्षेत्र के 81 संवेदनशील मतदान केद्रों पर होगी प्रशासन की पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

लोकसभा चुनाव के लिए मुलताई विधानसभा 129 के 296 मतदान केद्रो की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है । सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तृप्ति पटैरया के मार्गदर्शन में निर्वाचन टीम के सेक्टर अधिकारियों द्वारा सभी पोलिंग बूथो का निरीक्षण किया जा चुका है। दूसरे चरण में शासकीय कन्या शाला में तीन दिवसीय प्रशिक्षण में मुलताई विधानसभा क्षेत्र के 850 पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 -2 एवं 3 प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। अंतिम चरण का प्रशिक्षण शेष है जिसमें लगभग 350 निर्वाचन दलों का प्रशिक्षण होगा। निर्वाचन अधिकारी तृप्ति पटैरया ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मुलताई विधानसभा क्षेत्र मे कुल मतदाताओं की संख्या 232293 है जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या



11 8893 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 113393 है जो कि पुरुषों की तुलना में मात्र 5500 काम है। आदर्श बूथो की बात करें तो उनकी संख्या 5 है किंतु मुलताई विधानसभा क्षेत्र में संवेदनशील (क्रिटिकल) मतदान केद्रो की संख्या 81 है। इन मतदान केद्रो पर प्रशासन की पैनी नजर है इन सभी मतदान केद्रो पर सीसीटीवी से नजर रखी जाएगी। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

## पत्रकार नवीन ओंमकार के पिता रामदयाल की सड़क दुर्घटना में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



नेशनल हाईवे खरसाली जोड़ पर मोटरसाइकिल कार भिड़ंत में नगर के प्रतिष्ठित रामदयाल ओंमकार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई । घटना के संबंध मे प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्रकार नवीन ओमकार के पिता 72 वर्षीय रामदयाल ओमकार अपने किसी रिश्तेदार के यहां शादी की व्यवस्थाओं का जायजा लेने गए थे वहां से वापस लौटते समय नेशनल हाईवे 47 के खरसाली जोड़ पर भोपाल की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी मोटरसाइकिल को रौद डाला प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उनकी सर पर गंभीर चोट आने से घटना स्थल पर मौत हो गई थी। वह सिंचाई विभाग में टाइम कीपर के पद से 2011-12 में सेवानिवृत हुए थे। घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक मौका पाकर कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। रामदयाल ओमकार नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति थे उनके निधन की खबर के बाद नगर में शोक का माहौल है ।

### श्री राम जन्म महोत्सव के अंतर्गत रामनवमी पर श्रीराम कथा का हुआ विश्राम

# पालकी पर विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकले श्रीरामलला, भव्य शोभायात्रा के हजारों भक्त बने साक्षी

**चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रीराम नवमी के दिन बुधवार को श्री रामलला अपने भाइयों के साथ पालकी में निकले। श्री राम जन्म महोत्सव समिति द्वारा 61वें वर्ष में आयोजित श्रीराम जन्म महोत्सव के अंतर्गत जारी श्रीराम कथा का बुधवार को विश्राम हो गया। बुधवार की कथा प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक हुई।**





हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बुधवार दोपहर ठीक 12 बजे श्री द्वारिकाधीश मंदिर में श्रीरामलला का जन्म उत्सव मनाया गया। जन्म के समय परिसर में रंगारंग आतिशबाजी और ढोलबाजों के साथ बधाइयां गूंज उठी। मंदिर में मौजूद धार्मिकजन बधाईयों पर झूम उठे। जन्म की खुशी में मंदिर समिति द्वारा पंजीरी और दही मेवे का प्रसाद वितरित किया गया। कथाव्यास साध्वी नीलम गायत्री ने प्रभु रामचंद्र के राजतिलक और जन्म की कथा श्रोताओं को संगीतमय स्वरूप में सुनाई। कथा के विश्राम पर आयोजन समिति के सचिव अशोक शर्मा ने पिछले वर्ष का आय व्यय ब्यौरा सभी के समक्ष रखा। कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक ने सभी का अभिवादन किया एवं सफल आयोजन के प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोगियों, दानदाताओं, मीडिया संस्थानों का भूपेंद्र विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया।

देर शाम को आयोजन समिति द्वारा प्रभु श्री रामलला, उनके भाई लक्ष्मण, भारत और शत्रुघ्न पालकी में विराजित करके विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में ढोल बाजे, डीजे, बैंड पार्टी की ताल पर रामभक्तों का जोश देखते ही बन रहा था। शोभायात्रा में जमकर आतिशबाजी भी की गई। शोभायात्रा में भगवान शंकर की चलित झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में कथाव्यास साध्वी नीलम गायत्री रथ पर सवार होकर शामिल हुई। जिनके साथ बड़ी संख्या में मातृ शक्ति भी शोभायात्रा में साथ साथ चली।

#### जगह जगह हुआ स्वागत

श्री राम जन्म महोत्सव की शोभायात्रा का शहर के दर्जनों चौक चौराहों पर सामाजिक धार्मिक लोगो ने मेवा, मिस्थान, ठंडाई, आइसस्क्रीम जैसी विभिन्न खाद्य एवं पेय पदार्थ वितरित करके स्वागत किया। साथ ही पालकी में विराजित रामलला, रथ पर विराजमान कथाव्यास नीलम गायत्री का पूजन एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। तुलसी चौक, फल बाजार चौराहा पर सिंधी समाज, गांधी परिवार, संस्कृत पाठशाला, सांवरिया निवास, जैन समाज, सराफा लाइन, पहली लाइन में श्री राम जानकी मंदिर, जयस्तंभ चौक पर मारवाड़ी समाज, सिक्ख समाज एवं विभिन्न परिवारों, समाजो ने शोभायात्रा का स्वागत किया। पहली लाइन में कांग्रेस कार्यालय पर मयूर जायसवाल ने साथियों के साथ, नामदेव समाज ने टी ए शाह चौराहे पर शोभायात्रा का स्वागत किया।

## रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता का दिया संदेश




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

नगर पालिका सिवनी मालवा, शासकीय कुसुम महाविद्यालय, खेल विभाग के समन्वय से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सोनिया मीना एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजन सिंह रावत व एसडीएम रिटर्निंग अधिकारी सरोज परिहार के निर्देश अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत स्वीप गतिविधि संचालित कराई जा रही है और स्वीप गतिविधि कैलेंडर अनुसार मतदाता जागरूकता रैली शासकीय कुसुम महाविद्यालय से बानापुरा बस स्टैंड तक निकाली गई। जिसमे सभी नागरिकों को बैनर, पंपलेट के माध्यम से सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारे एवं मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया और सभी नागरिकों को 26 अप्रैल 2024 को मतदान करने के लिए अपील की गई ताकि 100 प्रतिशत मतदान में सभी की भागीदारी हो सके। रैली में कुसुम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आरके रघुवंशी, प्राध्यापक डॉ एसके यादव, स्वच्छता निरीक्षक डॉ प्रशांत कुमार शर्मा, खेल समन्वयक नारायण बावरिया, बीएलओ हेमंत चौकसे, स्वीप नोडल अधिकारी सचिन मलैया, मुकेश कुमार गोगिया, अनूप पवार, सैयद मुसाहिद अली, अभिनव पुरोहित, सुजल वर्मा, रवि हरदुआ, भागवत गुर्जाकर, द्वारका प्रसाद कामले के साथ साथ कॉलेज के छात्र उपस्थित रहे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल भलावी ने बताया की निकाय द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु नए मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें 26 अप्रैल को मतदान अवश्य करने के लिए अपील की गई।

## राम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा भगवा ध्वज से सजाया गया नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी रघुवंशी समाज एवं नगर के समाजसेवी संगठनों के द्वारा राम जन्म महोत्सव का भाव एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया जिसमें अयोध्या में विराजित राजा राम दरबार की मूर्ति की तरह ही यहां भी झांकी सजाई गई चैत्र शुक्ल नवमी के दिन विशेष शोभा यात्रा पचमढ़ी रोड नाके से निकल गई जो नगर के प्रमुख मार्ग होते हुए जहां पर तमाम समाज सेवी संगठनों मंदिरों के द्वारा हिंदू उत्सव समिति नगर पालिका परिषद सहित तमाम लोगों के द्वारा शोभा यात्रा का विशेष स्वागत सम्मान किया गया राम जन्म महोत्सव समिति के द्वारा इस वर्ष बताया गया की 500 वर्ष बाद अयोध्या में राम राजा का जन्म विशाल मंदिर में मनाया जा रहा है जिसके कारण इस बार राम जन्म महोत्सव संबंधित और विशाल रूप दिया गया है भगवान प्रभु की राम कथा के गुणगान किए गए भजन संध्या चलती रही और राम की प्रतिमा के समक्ष मुख्य आकर्षण का केंद्र राजाराम बने रहे अयोध्या में विराजे राजाराम की तरह यहां पर भी वैसी मूर्ति की झांकी निकाली गई। इस बार एक ऐतिहासिक रूप में राम जन्म महोत्सव मनाया गया। राम दरबार भगवान राम की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा शोभा यात्रा की अगुवाई घुड़सवार युवा वर्ग ध्वजा पताका के साथ की गईऔर अनेकों जगह स्वागत सम्मान किया गया जहां भाजपा युवा मोर्चा एवं भाजपा के तमाम संगठन महिला मोर्चा सहित तमाम लोगों ने शोभा यात्रा का विशेष स्वागत किया।

## खिलाड़ियों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली लोकतंत्र रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान केंद्र को लेकर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूकता के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश अनुसार खेल और युवक कल्याण अधिकारी के निर्देश अनुसार लोकतंत्र रैली खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा विकास खंड स्तर पर खेल संबंद बैंक प्रीतम सिंह पुरबिया के द्वारा रैली निकाली गई। पुरबिया ने बताया कि मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए नई लगाते हुए नगर के मुख्य मार्गो से रैली निकाली गई जिसमें फुटबॉल हैंडबॉल ताइक्वांडो एथलेटिक्स कबड्डी सेकंड खेलों के खिलाड़ियों एवं वन्य एनसीसी कैडेट्स के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही खिलाड़ी एवं प्रसिद्ध कौन है मताधिकार का उपयोग करने एवं मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। जिसमें प्रचार संजीव दुबे खेल प्रभारी अरविंद शर्मा एनसीसी अधिकारी अधिकारी सहित तमाम खेल शिक्षक उपस्थित रहे।




## रामनवमी पर राम दरबार की निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी



बनखेड़ी नगर में रामनवमी धूमधाम से मनाई गई ,इस अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री राम जानकी पंचायती मंदिर समिति बनखेड़ी के तत्वाधान में बनखेड़ी नगर में राम दरबार की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा स्टेशन रोड हनुमान मंदिर से पुराना बाजार दुर्गा मंदिर होते हुए राम मंदिर पहुंची, शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्त शामिल रहे। अनेक स्थानों पर राम दरबार का नागरिकों ने पूजन एवं शोभायात्रा का स्वागत किया।

## सरपंच व समिति प्रबंधक के बीच हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

- समिति प्रबंधक और सरपंच ने लगाए एक दूसरे पर आरोप, मामले में प्रकरण दर्ज

सोहागपुर के पास करणपुर के पास लखन वेयर हाउस में गेंहू खरीदी पर समिति प्रबंधक कैलाश कुशवाहा और करणपुर सरपंच आजाद सिंह ठाकुर के बीच खरीदी को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मामला थाने तक पहुंच गया। समिति प्रबंधक के अनुसार सरपंच आजाद सिंह गेंहू तुलाई के लिए नियमों को ताक में रखकर पहले तुलवाना चाहते थे, जिस पर उनके द्वारा कहा गया कि सभी किसानो की तुलाईं नियमतः होगी जिस पर सरपंच आजाद सिंह और उनके भाई आदेश सिंह भड़क गए और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी तो वहीं आजाद सिंह का आरोप है कि वो तुलाई केंद्र पर थे ही नही, एफआईआर झूठी दर्ज करवाई गई है। सोहागपुर थाने में पुलिस ने आजाद सिंह और उनके भाई के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने पर प्रकरण दर्ज किया है। ज्ञातव्य हो कि खरीदी केंद्रों पर यह पहला मामला नहीं है जब समिति प्रबंधकों और किसानों के बीच टकराव और मारपीट की स्थिति ना बनी है इसके पहले भी सोहागपुर ब्लॉक की अनेको खरीदी केंद्रों पर मारपीट की घटनाएं घटी है।

## नवरात्रि के अंतिम दिन जवारें का किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



शोभापुर के गंज मोहल्ला और पाल मोहल्ले में नव रात्रि के पावन अवसर पर मंदिर और घरों में जवारे (बरियां) रखी गई। नव दिन तक विधि विधान से पूजन अर्चना के बाद नवमी के दिन जवारों का विसर्जन हुआ। गंज मोहल्ले में विजयासेन मंदिर में सार्वजनिक बा रखी गई जिसमे मोहल्ले के सभी भक्त जनों ने मां की आराधना और शक्ति की साधना की तो वहीं पाल मोहल्ले में खुशीलाल पाल और तुलाराम पाल के यहां जवारें रखे गए थे जिनका नवमी के दिन खेड़ापति में ढोल नगाड़े के साथ विसर्जन हुआ। विसर्जन के दौरान महिलाओं ने मां की भक्ति में नृत्य भी किए। खेड़ापति में पूजा अर्चना के बाद बारियों को मां नर्मदा में विसर्जन किया गया। बारियों के विसर्जन के बाद खुशी लाल पाल के यहां के भंडारे में समाजिक और अन्य लोग सम्मिलित होकर प्रसादी ग्रहण की।

## ग्राम पंचायत आंचलखेड़ा की दुकानों में 20 साल से जमे हैं दुकानदार

### अभी तक कोई किराया जमा नहीं किया, ग्राम पंचायत ने दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



ग्राम पंचायत आंचल खेड़ा में 2003 में तत्कालीन पंचायत के सरपंच एवं पदाधिकारी ने 11 दुकानें बनाई थी। जिस पर 11 अलग-अलग लोग काबिज हैं और अपना व्यवसाय संचालन कर रहे हैं लेकिन 2003 से 2024 तक कोई भी किराया जमा नहीं किया गया है। ग्राम पंचायत के सचिव ने सभी दुकानदारों को नोटिस जारी कर 25 अप्रैल तक 36468 रुपए एवं ब्याज की राशि जमा करने के लिए नोटिस जारी किया है। इस बीच में ग्राम पंचायत में कई सरपंच सचिव आए और चले गए लेकिन किसी ने भी इन दुकानदारों से किराए की राशि वसूलने की कोशिश नहीं की जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीश अग्रवाल के संज्ञान में जब यह मामला आया तब उन्होंने पंचायत के सचिव को किराया वसूल करने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रवाल ने बताया अगर 25 अप्रैल तक दुकानदारों ने किराया जमा नहीं किया तो मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता की 1969 की धारा 146 के अंतर्गत कार्रवाई प्रस्तावित कर पेनल्टी वसूली की जाएगी।

### 11 ग्राम पंचायतों में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को जनपद पंचायत सोहागपुर की 11 ग्राम पंचायतों करनपुर, कोहानी, परसाई पिपरिया, बमारी, निवारी, नीमनमूढ़ा, सौंसारखेड़ा, बरुआढाना, चांदीखेड़ी, शोभापुर और निभौरा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता रैली रैलियां निकाली गई। रैली में ग्रामवासी, ग्राम पंचायत के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, स्थानीय शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्कूल व आंगनबाड़ी के बच्चे शामिल हुए। इन रैलियों के माध्यम से सभी को मतदान दिवस 26 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

### 19 अप्रेल से एग्जिट पोल प्रतिबंधित

**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान प्रथम चरण की मतदान तिथि 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च 2024 को इस आशय की अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के किसी भी प्रकार के प्रदर्शन पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार भी नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

## रामनवमी पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

रामनवमी पर्व पर विश्वहिंदू परिषद द्वारा रामजानकी मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई। रेली में बाइक सवार केसरिया ध्वज लेकर चल रहे थे।

जय श्री राम के जयकारें लगाते हुए चल रहे थे शोभा यात्रा नगर मुख्य मार्गो इन्दोरी चौराहा पहुंची यहां पर धर्म प्रेमियों ने शोभा यात्रा में शामिल भक्तों का का स्वागत किया गया। शोभा यात्रा नगर प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस रामजानकी मंदिर पहुंची यहां आरती कर प्रसादी वितरण किया गया। शोभा यात्रा में विहिप नगर अध्यक्ष दिनेश शर्मा, इंद्रपाल सिंह, अशोक वर्मा, जेनीश कसलीवाल, डॉ वीरेंद्र मालवी, सुनील गुरु, हेमंत साहू, सागर प्रजापति और सभी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं अनेक समाजसेवी संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुये।

### घरों में दीप प्रज्जवलन कर मनाया गया भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव

# श्री राम के जयघोष के साथ निकाली राम लला की झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

रामनवमी के पावन अवसर पर शोभापुर के रामलीला मंदिर से श्री राम लला की झांकी चल समारोह के रूप में शोभापुर की गलियों से बड़े धूमधाम से निकाली गई। चल समारोह हनुमान मंदिर से शाम 5 बजे शनिचरा बाजार होते हुए गंज मोहल्ला में प्रवेश किया तो गंज मोहल्ले से, भटगांव रोड, दीवान चौक, राजा वार्ड, मंगले बाजार से होते हुए मुख्य मार्ग से माध्यम से रामलीला मैदान में चल समारोह का समापन हुआ।

राम नवमी के पावन अवसर पर रामभक्तों का उत्साह उफान पर था। रामभक्तों ने श्री राम के जयकारों से ग्राम शोभापुर की गलियों को गुंजायमान किया। श्री राम चंद्र भगवान और लखन लाल के स्वरूपो की जगह जगह आरती उतारी गई और ग्राम की शांति और संपन्नता के लिए प्रभु से आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री रामभक्त डीजे, ढोल नगाड़े और आतिशबाजी के साथ प्रभु श्री राम के भजनों में थिरकते हुए अलग की आभा के धनी प्रतीत हो रहे थे। रामलला और लखन लाल के साथ हनुमान जी के स्वरूपों का जगह जगह स्वागत हुआ। राजीव गांधी मार्केट में लड्ढा परिवार, काबरा परिवार और मालपानी के बाद गंज मोहल्ले में राजा राम मेहरा, राजू बाहेती, दीवान चौक, और मंगले बाजार में राजा परिवार द्वारा स्वागत सत्कार हुआ। चल समारोह के समापन के दौरान विशाल आरती और प्रसादी वितरण का कार्यक्रम हुआ।

#### घरों के सामने दीपक जलाकर किया खुशी का इजहार

रामनवमी के पावन अवसर पर बीते कुछ वर्षों से जहां से चल समारोह गुजरता है, घरों के सामने आरती और इलेक्ट्रिक लाइट के माध्यम से रोशनी कर शोभापुर में खुशी का इजहार किया जा रहा है। गौर तलब है कि घरों के सामने दीपक जलाने हेतु रामभक्तों द्वारा कई वर्षो से मुहिम चलाई जा रही थी जोकि रामभक्तों की मेहनत अब जाकर सफल होती नजर आ रही है। शुरुवाती दिनों में पहले कुछ ही घरों के सामने भक्तों द्वारा दीपक जलाए जाते थे लेकिन अब प्रायः प्रायः सभी घरों में रामनवमी के अवसर पर दीपक जलाए जाते है।



**खबर संक्षेप**

## भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित

**रहटगांव।** भारतीय किसान संघ रहटगांव की मासिक बैठक ग्राम सोडलपुर में रखी गई। मुख्य अतिथि के रूप में जिला से जिला अध्यक्ष महेश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक पटेल द्वारा की गई। बैठक के मुख्य बिंदु तहसील में चलाई जा रही सदस्यता अभियान के संपूर्ण जानकारी एवं तहसील सम्मेलन की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में मुख्य रूप से राजेश पटेल, अजय तोमर, भंवर सिंह तोमर, गजेंद्र पटेल, हरिओम गौर, सियाराम गौर, शिवनारायण गौर, लोकेश गौर, आदित्य सिंह, रामेश्वर उनाहले एवं बेनी प्रसाद धापकरी, विष्णु प्रसाद, आनंद पटेल, दिनेश गौर सहित अन्य उपस्थित थे।

## 21 को होगा 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**हरदा।** अखिल भारतीय बलाही समाज के तत्वावधान में 21 अप्रैल को हरदा जिला मुख्यालय पर कृषि उपज मंडी में 21 जोड़ों का विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया है। अखिल भारतीय बलाही समाज के जिला अध्यक्ष दिनेश मोह ने जानकारी देते हुए बताया कि हरदा जिला मुख्यालय पर पहली बार निशुल्क विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाए। जिसमें समाज की 21 बेटियों का कन्यादान कार्यक्रम आयोजित होगा। अखिल भारतीय बलाही समाज के सचिव अर्जुन देवडा ने बताया कि विवाह सम्मेलन के लिए समाज के लोगों ने सहयोग दिया। जिले के हर गांव के समाज के लोगों ने कार्यक्रम सफल बनाने के लिए सहयोग राशि प्रदान की। विवाह सम्मेलन के लिए 21 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम के लिए समाज के युवा एवं गांव के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

## जीर्ण-शीर्ण भवनों को डिस्मेंटल कराने की कार्यवाही शुरू करें

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य नगर पालिका अधिकारी व जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अपने कार्य क्षेत्र में आने वाले सभी शासकीय भवनों का स्थल निरीक्षण कर उनका भौतिक सत्यापन करें। सत्यापन के बाद भवन जीर्ण-शीर्ण तथा डिस्मेंटल योग्य पाए जाने पर भवन को डिस्मेंटल कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि पुराने व जीर्णशीर्ण भवनों के अचानक गिरने के कारण किसी दुर्घटना की आशंका न रहे। इसके साथ ही कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अपने क्षेत्र में सभी अनुपयोगी व खुले नलकूप, बोरवेल, ट्यूबवेल, कुए व बावड़ी सहित अन्य ऐसे जलस्त्रोत चिन्हित करें, जिनके कारण दुर्घटना की आशंका रहती है। कलेक्टर सिंह ने इन असुरक्षित जल स्त्रोतों को सुरक्षित करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी दुर्घटना की आशंका न रहे।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से हम्माल की मौत

**हरदा।** मालगाड़ी की चपेट में आने से एक हम्माल की मौत हो गई। हादसा बुधवार सुबह साढ़े 11 बजे डबल फाटक के पास हुआ। जीआरपी ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जीआरपी पुलिस के अनुसार कुलहरदा निवासी हसन पिता लल्लन खान (65) की मौत हुई है। वह डबल फाटक के पास मालगाड़ी से टकरा गया था। उसे बोलने और सुनने में दिक्कत थी। बुधवार को बेटी पठानकोट एक्सप्रेस से भोपाल जा रही थी, बेटा उसे छोड़ने बेटा स्टेशन आया था। पिता ने बेटी के लिए फल खरीदा और उसे देने स्टेशन की ओर जा रहा था, इसी दौरान वह मालगाड़ी की चपेट में आ गया, उसके सिर पर गंभीर चोट आई।

### खरगोन के बैंक अधिकारी भीषण गर्मी में कर रहे भ्रमण, झिरन्या में भी दिए निर्देश

# खरगोन एवं बड़वानी जिले की 182 सहकारी संस्थाएं होंगी ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

खरगोन एवं बड़वानी जिले की 182 सहकारी संस्थाओं को 30 अप्रैल तक ऑनलाइन करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में खरगोन बैंक के सीईओ पीएस धनवाल और योजना विकास अधिकारी अनिल कानूनगो भीषण गर्मी में भ्रमण कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने यहां शिरकत की और उक्त अवधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारी द्वय ने बताया कि मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित भोपाल द्वारा 11 अक्टूबर 2022 को इस आशय के आदेश दिए गए थे, तभी से उक्त कार्य सहकारी संस्थाओं में हो रहा है। जिससे वित्तीय वर्ष 2022-23 तक किसानों के ऋण एवं अदायगी सहित अन्य जानकारियां इंद्राज की जा चुकी है। स्थानीय बैंक प्रबंधक देवराम राठौर ने बताया कि अब वर्ष 2023-24 की जानकारियां दर्ज की जा रही हैं। जिसे 30 अप्रैल तक पूर्ण किया जाना है। इसके बाद किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने में सहूलियत होगी।



### संस्थावार ले रहे जानकारी

उल्लेखनीय है कि खरगोन में और बड़वानी जिले में सहकारी संस्थाएं कार्यरत हैं। सीईओ धनवाल ने कहा कि अपेक्स बैंक के निर्देश के बाद किसानों से संपूर्ण लेन देन कंप्यूटीकृत हो जाएगा और इससे राज्य और केंद्र स्तर पर एक साथ जानकारी उपलब्ध हो जाएगी। फलस्वरुप योजना तैयार करने और उन्हें क्रियान्वित करना सुविधाजनक होगा। इसलिए भी बैंक अथवा सहकारी संस्था स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मियों से मुलाकात कर रहे हैं। इन कार्यों को पूर्ण करने के लिए बैंक प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है और कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

### शाखा एवं संस्था प्रबंधकों को निर्देश

इन अधिकारियों ने स्थानीय जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा प्रबंधक देवराम राठौर से संस्थावार प्रगति की जानकारी ली और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शाखा प्रबंधक और कंप्यूटर ऑपरेटर से अलग अलग सिलसिले जानकारी प्राप्त की। इनमें सिकदार सोलंकी (झिरन्या), सीताराम पाटीदार (चैनपुर), महेंद्रसिंह गौड़, घनश्याम चौहान (चिरीया),शिवदास सोलंकी (पाडल्या) आदि प्रमुख हैं। उन्होंने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा संस्था प्रबंधकों में धर्मेंद्र सोलंकी (आभापुरी), चरणदास राठौड़ (चिरीया), अशोक पाटीदार ( मिटावल), राधेश्याम आरसे (पाडल्या) ने बताया कि सभी संस्था कर्मी नियत अवधि में आवश्यक जानकारियां दर्ज करने के भरसक प्रयत्न कर रहे हैं।

### 25 रुपए 25 पैसे प्रति पिक प्रति मीटर मजदूरी को जारी रखा

## पावरलूम बुनकरों की हड़ताल हुई खत्म, शनिवार से जारी थी हड़ताल

**बुरहानपुर।** शनिवार से शहर में संचालित 50 हजार पावरलूम बंद थे। विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल की जा रही थी। मंगलवार को इंदौर श्रम विभाग असिस्टेंट कमिश्नर बुरहानपुर पहुंची। बुनकर संघ, टेक्सटाइल एसोसिएशन और लैबर विभाग के साथ बैठक हुई जिसमें तय किया गया कि बुनकरों को पूर्व एग्रीमेंट 25 रुपए 25 पैसे प्रति पिक प्रति मीटर की मजदूरी के नियम को जारी रखा जाएगा। बुनकर संघ अध्यक्ष व अधिवक्ता रियाज अहमद अंसारी ने कहा बुनकरों को भी हिदायत दी गई है कि कोई भी 25.25 पैसे मजदूरी से कम में काम नहीं करें। श्रम विभाग के कहने पर एक दिन पहले ही कुछ लूम कारखाने चालू करा दिए गए थे। इस दौरान बुनकर संघ उपाध्यक्ष आसिफ सरदार, सचिव शफीक उल्लाह अंसारी, हमीद पंडित, सगीर मुल्ला, ऐजाज हुसैन आदि मौजूद थे।

### 2021 में हुए समझौते के अनुसार मजदूरी यथावत रहेगी

श्रम विभाग के अनुसार बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि साल 2021 में हुए समझौते के आधार पर जिसकी वैधता दिसंबर 2023 को खत्म हुई है उसे यथावत रखा जाकर बिना गतिरोध निरंतर बनाए रखा जाएगा। बुनकर संघ ने 16 अप्रैल से हड़ताल समाप्त कर पहले की तरह कार्य प्रारंभ कर दिया है। भविष्य में किसी भी तरह की समस्या के लिए बुनकर संघ पहले एसोसिएशन से आपसी स्तर पर बातचीत कर समस्या का निराकरण करेगा। पावरलूम बुनकर संघ ने भी आश्वस्त किया कि समस्या का निराकरण नहीं होने की स्थिति में श्रम विभाग, वरिष्ठ कार्यालय को अगवत कराया जाएगा।

## 2 आरोपियों को किया जिला बदर

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आदित्य सिंह ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर 2 आरोपियों को 6-6 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश अनुसार आरोपी किशन पिता मोहनलाल देवड़ा निवासी इतवारा बाजार टिमरनी और वीरू उर्फ वीरसिंह पिता रमेश राजपूत निवासी ग्राम बारजा हाल निवासी वार्ड क्रमांक 3 टिमरनी को 6-6 माह के लिये जिला बदर किया गया है। इस अवधि में ये तीनों आरोपी हरदा जिले के साथ-साथ पड़ोसी जिलों नर्मदापुरम, देवास, खंडवा, सीहोर और बैतूल जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

### महावीर भगवान की अतिशयकारी प्रतिमा का जीवंत उदाहरण दर्शाती फिल्म

## भगवान महावीर पर आधारित फिल्म श्री महावीर का खंडवा में भी होगा प्रदर्शन : राजमल जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

मजबूत जज्बात हो तो कम समय या कम उम्र में भी निर्माता निर्देशक बना जा सकता है। ऐसा जज्बे वाले निमाड़ में जन्मे युवा शशांक जैन ने टेक्नोलॉजी के दम पर अब युवा फिल्म मेकर के रूप में अपनी कहानी खुद प्रस्तुत कर रहे हैं। 3 वर्ष पूर्व भी युवा शशांक जैन द्वारा जैन धर्म पर आधारित फिल्म 'वीर गोमटेशा' में संथारा और संलेखना पर बनाई थी। यह फिल्म भी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर चुकी है। समाज के प्रेमांशु चौधरी एवं अजय शाह ने बताया कि महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर श्री महावीर पर आधारित एक नई फिल्म का लोकार्पण होगा। वर्षों बाद जैन धर्म पर आधारित फिल्म के निर्माण में 30 वर्षीय जैन युवा ने डायरेक्शन बखूबी निभाया है। इसके लिए वे बधाई के पात्र है। श्री महावीर फिल्म में छोटे-छोटे नगरों से बड़े शहरों में समाज जनों का पलायन एवं छोटे-




छोटे तीर्थ क्षेत्र की दयनीय हालत होना साथ ही श्री महावीर भगवान की अतिशयकारी प्रतिमा का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। इस फिल्म के अधिकतर कलाकार इंदौर एवं मुंबई के हैं और फिल्म शूटिंग भी इंदौर के आसपास एवं जयपुर सिटी एवं राजस्थान स्थित श्री महावीर तीर्थ क्षेत्र में की गई है। पोरवाड़ सहायक फंड के अध्यक्ष राजमल जैन ने कहा कि फिल्म प्रदर्शन के बाद खंडवा नगर में भी यह ज्ञानवर्धक फिल्म दिखलाई जाएगी।

### फिल्म दर्शकों को प्रेरित करेगी

कवर पिक्चर के निर्माता शैलेंद्र जैन ने बताया कि अच्छी फिल्में देखने के शौकीन लोगों के मनोरंजन और कला दोनों का अनुभव प्राप्त हो सके। इस उद्देश्य को लेकर फिल्म का निर्माण किया गया है। उक्त फिल्म के प्रदर्शन पर समाजसेवी डेविड जैन, निशीथ जैन, नितिन जैन,शशि जैन, अक्षय जैन,पोरवाड़ दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष विरेन्द्र जैन भट्याण, सिध्दार्थ जैन, मनीष जैन,परिमल जैन, निलेश मंडलोई, पंकज जटाले,अंतिम जैन ने अग्रिम बधाई प्रेषित की एवं बताया कि निश्चित रूप से यह फिल्म दर्शकों को प्रेरित करेगी।

### नौ दिनों तक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ही कन्या पूजन और भंडारा हुआ

## आशापुरा माता मंदिर में कन्या पूजन व भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

रमा कॉलोनी रोड सिंधी कॉलोनी स्थित आशापुरा माता मंदिर में नौ दिवसीय चैत्र नवरात्रि पर्व घटस्थापना के साथ प्रमुख लालू बाबा के सानिध्य में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। पर्व के दौरान नौ दिनों तक अनेक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ही मां भगवती के जागरण के साथ कन्या पूजन एवं भंडारा भी आयोजित हुआ।

जानकारी देते हुए समिति के सदस्य मंगवानी ने बताया कि चैत्र नवरात्र पर्व की शुरूआत घटस्थापना के साथ हुई। पंचमी के अवसर पर पदमनगर की प्रसिद्ध जागरण समिति सोनी एण्ड ब्रदर्स के संजय सोनी, विजय सोनी एवं साथी कलाकारों द्वारा मां भगवती का विशाल जागरण भक्तिमय गीतों भजनों की सुंदर प्रस्तुतियों के साथ हुआ। मंगलवार महाष्टमी के दौरान मां महाकाली की पूजा आराधना



संपन्न हुई। बुधवार को मंदिर परिसर में प्रातः 9 बजे हवन-यज्ञ हुआ तत्पश्चात कन्या पूजन भोज पश्चात विशाल भंडारा आयोजित हुआ। भंडारे में शहर भर के साथ ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर भोजन प्रसादी प्राप्त की। शाम को जनसमुदाय की उपस्थिति में घट विसर्जन के साथ नवरात्र पर्व संपन्न हुआ। आयोजन में मंदिर समिति के नवीन गंगवानी, भानु गंगवानी, राजू गुप्ता, विशाल साहनी, भरत गंगवानी, ताराचंद कृपलानी, गोलू कृपलानी, महेंद्र किशनचंद विशनानी, निर्मल मंगवानी, डाम नावानी, मनोज खेटपाल, संजू चंदानी, हरीश मलानी, मुकेश, सोनू मेठवानी, हरू आसवानी आदि सहित समिति के सदस्यों, माता के भक्तों का सहयोग प्राप्त हुआ।

### चेक पोस्ट पर स्थैतिक निगरानी दल की कार्रवाई

## बोलेरो वाहन से 1.43 लाख रुपए किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

लोकसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक पोस्ट बनाए गए हैं, जहां अन्य जिलों से आने जाने वाले वाहनों की जांच की जाती है। सभी चेक पोस्ट पर स्थैतिक निगरानी दल तैनात किए गए हैं।

बुधवार को मोरगढ़ी चेक पोस्ट पर स्थैतिक निगरानी दल प्रभारी सिद्धार्थ सोनी, देवेंद्र राव प्रधान आरक्षक, एवं अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा जब महिन्द्रा बोलेरो वाहन की चेकिंग की गई तो चेकिंग के दौरान वाहन से 1.43 लाख रुपए नगद जप्त किए गए। जप्त की गई नगद राशि के बारे में वाहन चालक अफजल आलम एवं विशाल मोरे कोई भी संतुष्टि पूर्वक जवाब नहीं दे पाए और




ना ही राशि के संबंध में कोई दस्तावेज दिखा पाए। जप्त की गई राशि शासकीय कोष में जमा करने की कार्यवाही जारी है।

## मंदिर में कन्याभोज का हुआ आयोजन



**रहटगांव।** नवरात्रि के शुभ अवसर पर सिद्ध श्री खेड़ापति माता मैया पर कन्या भोजन एवं महाप्रसादी का आयोजन श्री खेड़ापति माता समिति द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें कन्याओं ने पहुंचकर कन्या भोज एवं प्रसादी प्राप्त की। सिद्ध श्री खेड़ापति माता मंदिर पर नवरात्री के दौरान प्रतिदिन सुबह से सैकड़ों तादाद में भक्तजन जल चढ़ाने पहुंचे। माता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ मनोकामना पूर्ण कर रहे।

## मुंबई सोशल मीडिया प्रभारी को पूर्व मंत्री यादव ने दी बधाई



**खंडवा।** यूथ कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रबंधन मुंबई के प्रभारी होरा द्वारा पार्टी हित के लिए यूथ को जोड़ने की जागरूकता बढ़ाने और नवीनतम इंटरनेट रुझानों से कांग्रेस पार्टी में अपनी अहम भूमिका से यूथ को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाई। इसी बात को देखते हुए गुरप्रीत सिंह होरा के निवास स्थल पर पूर्व मंत्री सचिन यादव और नरेंद्र पटेल ने गुरप्रीत सिंह होरा के जन्मदिन पर उन्हें बधाई देने पहुंचे। सचिन यादव ने इस मौके पर होरा के जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके अच्छे कार्यों की सराहना की तथा उत्कृष्टता की कामना की। इस अवसर पर स्थानीय नेताओं, कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया, जिसमें जिला अध्यक्ष अजय ओझा, सदाशिव भवरिया, ओंकार पटेल, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष मूल्लू राठौर सहित साथीगण शामिल हुए।

### पट्टाभिराम मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया

## जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक की कथा का किया चित्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

गढ़ीपुरा में स्थित गुरु गोंदवलेकर महाराज के 122 साल पुराने पट्टाभिराम मंदिर में बुधवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।

राजस्थानी शैली में बने इस प्राचीन मंदिर में नारदीय परंपरा के हरी कीर्तन कर रामलला के जन्म से लेकर वनवास और फिर राज्याभिषेक तक की कथा का सजीव चित्रण किया गया। महाराष्ट्र के नागपुर से आई भजन गायिका डॉ स्मिता अलोणी ने नारदीय शैली में भगवान के रामजन्मोत्सव के विषय में बताया। इस दौरान मौजूद भक्तों ने भगवान राम के जयकारे लगाए। ठीक 12 बजे जब भगवान राम का जन्म हुआ। इस अवसर भक्तों ने प्रभु राम के जयकारे लगाकर राम जन्म की स्तुति की गई।

घड़ी के कांटे के ठीक बारह बजे पर आने के साथ ही मंदिर के पट खुलने के भक्तों ने जय श्री राम के जयकारे लगाए और भगवान के बाल रूप के दर्शन किए। मंदिर के पुजारियों ने भगवान के बाल रूप को ले जाकर माता कौशल्या के रूप में बैठी महिला की गोदी में दे दिया। इसके बाद उन्हें फूलों के पालने पर विराजमान किया गया। इस दौरान जन्मोत्सव में शामिल भक्तों के द्वारा भगवान के बाल रूप को फूलों से सजे पालने में झूला झूला कर जन्मोत्सव का आनंद लिया। इसके बाद प्रसादी वितरित की गई। रामजन्मोत्सव में शामिल होने भक्त इंदौर, भोपाल के साथ साथ महाराष्ट्र से भी हर साल यहां आते हैं।

### कथा का वर्णन

नारदीय परंपरा में कीर्तन गद्य व पद्य दोनों में होता है। इसमें भगवान रामचन्द्र जी जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक की कथा को पहले गद्य फिर उसका हिंदी अनुवाद कर कीर्तन में किया गया। इस प्राचीन परंपरा के कीर्तनकार बहुत कम बचे हैं। मंदिर समिति के सदस्य दिलीप गोड़बोले के मुताबिक नारदीय परंपरा भजन की विशेष शैली होती है। इसमें कथा कहते हुए उसे पद्य में गाया जाता है। उन्होंने बताया कि पट्टाभिराम मंदिर में राम नवमी के अवसर पर रामजन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है।

### देर रात तक चला आयोजन

## भारत का बच्चा-बच्चा जयश्री राम बोलेगा फेम पूजा ने बुरहानपुर में दी भजनों की प्रस्तुति



**बुरहानपुर।** रामनवमीं के अवसर पर शहर में जगह-जगह विभिन्न आयोजन हुए। वहीं मंगलवार रात भजन संध्या का आयोजन हुआ। रात 9 बजे से स्थानीय कमल टॉकिज चौराहे पर भजन संध्या हुई, जिसमें मेरे भारत का बच्चा बच्चा जयश्री राम बोलेगा भजन गाने वाली फेमस सिंगर पूजा गोल्हानी ने भजनों की प्रस्तुति दी। आयोजन देर रात 12 बजे तक चला। आयोजक गोविंदा सिगोतिया, महेंद्र कामले ने बताया इस दौरान चली मां विसर्जन फेम गायक नंदू ताम्रकर भी बुरहानपुर आए। उन्होंने भी भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान बच्चों को श्रीराम लला बनाया गया। विशेष झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

समारोह में भाजपा नेता गजेंद्र पाटिल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, पार्षद राजा इंगले, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष किरण रायकवार, महेंद्र इंगले, मुन्ना भाई सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। अलग अलग झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रही। आचार संहिता के चलते इस बार आयोजन सीमित तौर पर किया गया।